पत्रांक :—11प0/वि0—01—10/2025/10204/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

**प्रेषक,**

**मनोज कुमार,** भा०प्र०से०
सचिव।

**सेवा में,**

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना,दिनांक—10/07/2026

विषय :— **"पंचायत विकास दिवस" के अवसर पर संकलित अपेक्षाओं (Aspiration) को पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल के माध्यम से अद्यतन कर निष्पादन करने के संबंध में।**

**प्रसंग :— विभागीय पत्रांक—8839, दिनांक—10.06.2026**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के माध्यम से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी ग्राम पंचायतों में "पंचायत विकास दिवस" कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में विस्तृत दिशा—निर्देश संसूचित है। उक्त कार्यक्रम के प्रभावी अनुश्रवण हेतु पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल https://prdnischaysoft.bihar.gov.in पर उपलब्ध Tab "पंचायत विकास दिवस" पोर्टल के विभिन्न Login ID द्वारा निम्न कार्य किया जाना है :—

1. पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव के Login ID :—
   (क) Panchayat Profile को Update करेंगे।
   (ख) Schedule Tab का उपयोग कर बैठक Schedule किया जायेगा।
   (ग) Participant Entry Tab का उपयोग कर कुल उपस्थिति (महिला/पुरूष/अन्य) अंकित किया जायेगा।
   (घ) Aspiration Entry Tab का उपयोग कर ग्राम सभा की कार्यवाही को अपलोड किया जायेगा। साथ ही ग्राम सभा से प्राप्त आकांक्षाओं को भी विभागवार प्रविष्टि किया जायेगा।
2. प्रखंड स्तर पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के Login ID :—
   (क) Aspiration Pending Tab का उपयोग कर पंचायत स्तर से प्राप्त आकांक्षाओं का संबंधित विभाग का नाम अद्यतन करते हुए Aspiration/Grievance/Incomplete के तहत Mapping किया जायेगा।
   (ख) Grievance (परिवाद पत्र) से संबंधित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी के Login में प्रदर्शित होगा।
   (ग) Aspiration से संबंधित आवेदन जिला स्तर पर पदस्थापित संबंधित विभाग के पदाधिकारी के Login ID में प्रदर्शित होगा।
3. प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी का Login ID :—
   (क) प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के स्तर से प्राप्त Grievance (परिवाद पत्र) से संबंधित आवेदन को सहयोग पोर्टल पर अपलोड कर सूचना अंकित करेंगे।

क्र0पृ0उ0

d:\surai\7 nishchay..docx211

4. संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी का Login ID :–
   (क) प्राप्त Aspiration को निष्पादन किया जाना है।
5. जिला पदाधिकारी का Login ID :–
   (क) Aspiration से संबंधित गतिविधियों को View किया जायेगा।
   (ख) जिला पदाधिकारी द्वारा Departmental Headquarter को निष्पादन हेतु भेजा जायेगा।

उक्त विभिन्न Login ID के माध्यम से किये जाने वाले कार्यों के संबंध में दिनांक–10.07.2026 को संध्या 04:00 बजे सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को BSWAN के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाना है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाये तथा BSWAN के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण में ससमय भाग लेने हेतु सभी संबधित पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेशित किया जाये।

**अनुलग्नक :– यथा उपर्युक्त।**

विश्वासभाजन

(मनोज कुमार)
सचिव

**ज्ञापांकः**–11प0/वि0/01–10/2025/10204/पं०रा० पटना,दिनांक 10/07/2026

**प्रतिलिपिः**– सभी उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार)
सचिव

**ज्ञापांकः**–11प0/वि0/01–10/2025/10204/पं०रा० पटना,दिनांक 10/07/2026

**प्रतिलिपि** :– राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी (SIO), NIC, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।


(मनोज कुमार)
सचिव


**ज्ञापांकः**–11प0/वि0/01–10/2025/10204/पं०रा० पटना,दिनांक 10/07/2026

**प्रतिलिपि** :– विभागीय आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार)
सचिव

# Visual Administrative Flowchart (2D Flat Standard)






**LEGEND**

- Process / Action
- Return / Correction
- Closed
- Communication
- Return Flow

**KEY NOTES**

1. All "Incomplete" cases are returned to the Panchayat Sachiv (PS) for correction.
2. After correction, PS resubmits the request and the workflow resumes from Step 2 (BPRO Review).
3. All successfully processed requests are marked as Closed.